तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

11 शीतला माता मंदिर में 167 में ज्योत कलश हुए प्रज्ज्वलित

12 राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा में धमतरी ...




## समृद्ध व सशक्त ग्राम बनाने के संकल्प को मिल रही है गति : अनुज

### नवरात्रि पर धरसींवा को मिला विकास कार्यों का तोहफा, विधायक ने दी 1.94 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने अपने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की नीव रखी जिसमे विधानसभा के राजधानी स्थित जोरा में हॉट बाजार निर्माण कार्य लागत राशि - 154.48 लाख रु व ग्राम सिलतरा के सी सी रोड निर्माण कार्य एवं सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत राशि - 20 लाख व ग्राम गोढ़ी के सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि - 20 लाख रु। उक्त सभी कार्यो का भूमिपूजन विधायक अनुज शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जनसुविधाओं के विस्तार हेतु विभिन्न विकास निर्माण कार्यों का क्षेत्रवासियों के साथ विधायक ने विधिवत भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार उसके विकास से होकर गुजरता है। हमारा यही प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास कर वहां अधोसंरचना निर्माण से गांव की प्रगति और जनता का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो। यह विकास कार्य ही समृद्ध धरसींवा के संकल्प को सिद्धी की ओर अग्रसर कर रहें हैं, साथ ही आर्थिक प्रगति भी सुनिश्चित हो रही है।



#### आदर्श विधानसभा बनाना ही हमारा लक्ष्य

इन विकास कार्यों से समृद्ध और सशक्त ग्राम बनाने के हमारे संकल्पों को गति मिलेगी। जनता की आकांक्षाओं अनुरूप मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना एवं गांव को विकसित और धरसींवा विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बनाना ही हमारा लक्ष्य है। हमारी विष्णु देव साय जी की सरकार ग्रामों के विकास में कोई कमी होने नहीं दे रही है और आगे भी गावों को विकास कार्यों की सौगाते मिलती रहेगी। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### नवरात्रि विशेष



#### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

### सूदखोरी मामले में सूदखोर दंपति पर एफआईआर दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के बहुचर्चित सूदखोरी मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस ने सूदखोर दंपति के विरुद्ध अपराध क्रमांक 951/25, धारा 420, 506, 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता हेमंत कनौजे की रिपोर्ट पर यह कार्रवाई की गई। बावजूद इसके आरोपियों की अब गिरफ्तारी न होना नगर में चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

▪ ब्लैंक चेक, स्टांप पेपर और धमकियों के बल पर करते थे वसूली

आरोपी लंबे समय से सूदखोरी के धंधे में सक्रिय थे। वे जरूरतमंदों को कर्ज देते समय ब्लैंक चेक और स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवाते थे। समय पर ब्याज न मिलने पर ब्याज दर बढ़ाकर वसूली की जाती थी। विरोध करने पर धमकियां देकर कानूनी झंझट में फंसाने का डर दिखाया जाता था।

#### न्याय की उम्मीद

लगातार दबाव और जन आंदोलन की शक्ल ले चुके इस मामले में पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि वे छुट्टी से लौटे हैं और जल्द ही मामले की पूरी जानकारी लेकर कार्रवाई करेंगे। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और नगरवासी इस बात की उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही गिरफ्तारी होगी और पीड़ित परिवार सहित आमजन को न्याय मिलेगा।

#### रायपुर कनेक्शन और ऑनलाइन लेन-देन

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत बैंक और फोन पे स्टेटमेंट से यह जानकारी सामने आई है कि इस सूदखोरी नेटवर्क के धागे रायपुर तक फैले हुए हैं। यदि पुलिस गहराई से जांच करती है तो कई और नाम सामने आ सकते हैं, जिनमें परिवार के अन्य सदस्यों की संलिप्तता की भी संभावना है।

### थाना परिसर में हुई मारपीट, प्रशासन पर असमर्थता के आरोप

## एक रात में दो जगह चाकूबाजी और मारपीट हुई, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

नवरात्रि पर्व की खुशियों के बीच शनिवार की रात सुहेला ग्राम में तीन हिंसक घटनाओं ने इलाके को दहशत में बदल दिया। मेले से महज 300 मीटर दूर 27 वर्षीय गोपाल साहू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य युवक दीपक वर्मा पर भी गंभीर हमला हुआ। दूसरी ओर, एक सामान्य मारपीट की घटना ने सुरक्षा की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हजारों की भीड़ में पुलिस की कमजोर सुरक्षा व्यवस्था ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा संदेह पैदा कर दिया है।

सुहेला मेले में सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या अत्यंत कम रही, जिससे हिंसा को रोकने में प्रशासन नाकाम रहा। गोपाल साहू की हत्या न केवल स्थानीय जनता के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। घायल दीपक वर्मा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने बताया कि मामला हत्या का दर्ज कर जांच जारी है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए जा रहे हैं सवाल





#### सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियां

सुहेला में नवरात्रि मेले में लगभग 50,000 लोगों की भीड़ के बीच पुलिसकर्मियों की तैनाती नाकाफी साबित हुई। सुरक्षा में चूक के कारण हिंसक घटनाओं को समय रहते नियंत्रित नहीं किया जा सका। प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई पर जनमानस में असंतोष व्याप्त है। आगामी दिनों में सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

#### राजनीतिक दबाव और जनता का रोष

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांत यदु ने पुलिस और प्रशासन की लचर व्यवस्था पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 4 अक्टूबर तक हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे थाना घेराव करेंगे। वहीं, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। वहीं पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बकरी चोरी करने वाले आधे दर्जन आरोपी गिरफ्तार



**खरोरा** । खरोरा पुलिस ने बकरा बकरी चोरी करने वाले वह खरीदने वाले सहित आधा दर्जन युवकों को गिरफ्तार किया। बिठिया निवासी गोविंद यादव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह बकरी पालन करता है। विगत दिनों रात्रि कोई अज्ञात चोर उसके घर के बगल के कोठों का ताला तोड़कर 17 नग बकरा-बकरी को चारपहिया वाहन में भरकर चोरी कर ले गया। मामले में आरोपी मोहम्मद अशरफ कुरैशी, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद सरवर, मोहम्मद इरशाद कुरैशी एवं मोहम्मद हुसैन को पकड़कर पकड़कर पूछताछ की। आरोपियों द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार करने की साथ ही चोरी की आठ बकरा बकरी को अपने पास रखने तथा शेष नौ बकरी बकरा को दुर्ग निवासी सोहेल खान के पास बिक्री करना बताया गया। चोरों की गिरफ्तारी पर ग्राम बिठिया के सरपंच दुष्यंत साहू ने थाना प्रभारी के. के. कुशवाहा एवं स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### खबर संक्षेप

#### विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन आज

**बलौदाबाजार** | जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। बुधवार 1 अक्टूबर को दशहरा (रामनवमी) का शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन 30 सितम्बर 2025 मंगलवार को किया जा रहा है। इससे शासकीय सेवा में चयनित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में सुविधा होगी। 8 अक्टूबर 2025 से जिला मेडिकल बोर्ड सप्ताह के प्रत्येक बुधवार से यथावत आयोजित की जाएगी।

#### मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**महासमुंद**। ग्राम भिलाईदादर में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि भिलाईदादर का आसकरण निराला 26 सितंबर की रात करीब 7.30 बजे गांव के बेलपारा मोहल्ला में दुर्गा देखने जा रहा था, उसी समय बारिश होने से कौशल ध्रुव के दुकान के सामने छत के नीचे खड़े होकर बातचीत कर रहे था, तभी गांव के परदेशी निषाद ने वहां आकर क्यों हल्ला कर रहे हो कहते हुए गाली गलौज करने लगा। जब उसे गाली देनेसे मना किया तब पास में पड़े बांस के डंडे से मारपीट की।

#### तालाब के पास से बाइक चोरी

**महासमुंद**। तालाब के पास बाइक खड़ी बाइक चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ग्राम शिकारीपाली निवासी नेमीचंद सतनामी पिता तिजाउ सतनामी ने बता कि वह 20 सितंबर को अपने पिताजी के साथ ग्राम भुरकोनी सामान खरीदने गया था। शाम करीबन 4.30 बजे बाजार तालाब के पास अपनी मोटर सायकल सीजी 06 जीके 1714 को खड़ी कर शराब खरीदने वे दोनों शराब भट्टी भुरकोनी गये।

### आबकारी विभाग ने जब्त की 45 लीटर अवैध शराब व बाइक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आबकारी विभाग बलौदाबाजार द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 45.40 बल्क लीटर अवैध देशी एवं महुआ शराब व एक बाइक जब्त किया गया। सोमवार को भाटापारा वृत्त ग्राम जेठानी थाना सुहेला में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी गंगा प्रसाद मनहरे पिता स्व. बुधुराम मनहरे ग्राम जेठानी थाना सुहेला के कब्जे से 5.40 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया।



देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 3000 होना पाया। आबकारी वृत्त कसडोल मे आरोपी संजू गोंड पिता भरत सिंह गोंड साकिन बलौदा हसुआ डेरा (ग्राम भद्रा शनि मंदिर के पास थाना कसडोल) के दो पहिया वाहन बजाज पल्सर में परिवहन करते 25.00 ली. महुआ शराब जब्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 5000 रुपये होना पाया। इसी प्रकार शनिवार को आबकारी वृत्त कसडोल में आरोपी विजय कुमार बंजारे पिता बंशीलाल साकिन धोराभट्ठा ▸▸ शेष पेज 11 पर

### 4 नवंबर को होगी राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भारतीय संस्कृति में गौवंश को विशेष स्थान प्राप्त है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 4 नवंबर को राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। नोडल अधिकारी डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को परीक्षा से जोड़ा जा रहा है। प्रतिभागियों को गौ विज्ञान से संबंधित पुस्तक प्रदान की जाएगी, जिससे प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार दिया जाएगा, वहीं राज्य स्तरीय टॉपर को 51,000 नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा। अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तय की गई है।

### सरसींवा तहसील परिसर में लगा विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव द्वारा 29 सितंबर को तहसील परिसर सरसींवां में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष पुनीतराम गुरूपंच ने किया।

▪ नालसा की नई योजनाओं पर दी गई जानकारी, आमजन में बढ़ाई गई कानूनी जागरूकता

इस अवसर पर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान और नालसा की विभिन्न योजनाओं जैसे डान, आशा, जागृति, संवाद, साथी आदि की जानकारी आमजन को दी गई। शिविर में आए विशेषज्ञों ने न केवल कानूनी जानकारी दी, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे लें, इस पर भी व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया।

#### जन-जन के लिए कानूनी जानकारी और सहायता

शिविर में नालसा द्वारा संचालित निम्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जागृति योजना – ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं का प्रचार। डान योजना – नशीले पदार्थों से नुकसान की जानकारी और निवारण।संवाद योजना – कमजोर वर्ग, आदिवासी और वंचित समुदायों के कानूनी अधिकारों की जानकारी। आवाज़ उठाओ योजना – कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता। आशा योजना – बाल विवाह की रोकथाम। साथी योजना – निराश्रित/अनाथ बच्चों के आधार कार्ड और कानूनी पहचान दिलवाने की पहल। नालसा हेल्पलाइन – निःशुल्क सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

#### साइबर क्राइम और बाल श्रम पर भी दी गई जानकारी

शिविर में साइबर अपराध, बाल श्रम निषेध, लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का समाधान, तथा राजस्व संबंधी कानूनी प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता जीवनलाल, डगेश्वर खटकर, पी.एल.वी. नरेश कुमार (थाना भटगांव), पी.एल.वी. कामदेव अनंत (थाना सरसींवां) समेत बड़ी संख्या में पक्षकारगण व आम नागरिक उपस्थित रहे।

### हाफ बिजली बिल योजना बंद करने पर सरकार के खिलाफ फूटा आक्रोश

## भाटापारा में युकां ने किया बिजली बिल जलाओ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा के आदेशानुसार युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद के नेतृत्व में भाटापारा बिजली ऑफिस के सामने घरेलू बिजली बिल योजना भाजपा सरकार द्वारा बंद किये जाने के विरोध में बिजली बिल जलाकर विरोध प्रदर्शन किए तत्पश्चात राज्यपाल के नाम घरेलू बिजली पर पुनः हाफ बिजली बिल योजना लागू करने व कृषि पम्पों को 24 घंटे बिजली दिए जाने सहायक यंत्री के अनुपस्थिति में भाटापारा कनिष्ठ यंत्री पुनीत शुक्ला बिजली विभाग को ज्ञापन दिए।

▪ राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप, 24 घंटे कृषि पंप को बिजली देने की मांग



युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहन निषाद ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस सरकार ने आमजनों को राहत देते हुवे घरेलू बिजली बिल में हाफ योजना लागू किया था जिसे तानाशाही रवैय्या अपनाते हुवे भाजपा सरकार ने घरेलू बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया जिससे आमजनों के घर का आर्थिक स्थिति में परेशानी उत्पन्न हो गया है बिजली बिल बहुत अधिक आने से घरेलु खर्च में परेशानी आ रहा है आमजनों में भारी आक्रोश है बिजली बिल हाफ योजना पुनः चालू नही करने पर युवा कांग्रेस द्वारा लगातार जनहित में लगातार किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थितः** आज के बिजली बिल जलाओ आन्दोलन में प्रमुख रूप से सुनील माहेश्वरी, अरुण यदु, दिवाकर मिश्रा, जित्तू शर्मा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद, लक्ष्मी पांडे, प्रमिला साहू, बिमलेश्वरी ध्रुव, मुकेश हेंवार, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, सत्यजीत शेन्डे, विवेक, सादाब जलियांवाला, पुनीत मानिकपुरी, राजा तिवारी सिमगा, नरेंद्र ब्राम्हणकर, शशांक चौबे, ओमप्रकाश यदु, शशांक बंजारे, वसीम खान, भयु, मिहिर, शौरभ कामरी, रवि मार्कण्डेय, विकास तिवारी आदि युवा साथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### देवरी स्कूल की छात्राओं को मिली साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुन्नी लाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, अध्यक्षता प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक खल्लारी रहे। विशेष अतिथि के रूप में रूपेश साहू मंडल अध्यक्ष, लोचन पटेल जनपद सदस्य,पीलेश्वर पटेल, राम खिलावन साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, कन्हैया नायक पूर्व जनपद सदस्य बागबाहरा, प्रकाश पटेल महामंत्री, हरीश जगत, विष्णु साहू मंडी अध्यक्ष सोसायटी बसुलाडबरी शामिल हुए। आयोजन समिति से शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल सदस्य गण कामता पुरेना, सरिता चंद्राकर, दुर्गेश साहू, बाला राम पटेल, याद राम साहू आदि शामिल रहे। साइकिल वितरण से पहले सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर साहू का अतिथियों ने पुष्प हार शाल, श्रीफल से स्वागत किया गया। पूर्व सांसद साहू ने बताया कि इस योजना से छात्राओं को लाभ पहुंचेगा और रोजाना समय पर विद्यालय पहुंच कर विद्या अध्ययन कर पाएंगी और अपने लक्ष्य प्राप्त करेंगे। इन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जिक्र करते हुए बताया कि सुविधाओं का अभाव होते हुए अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से अब्राहम लिंकन राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि समस्त छात्र-छात्राएं नियमित विद्यालय में उपस्थित रहे और अनुशासन का पालन करे विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 69 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

### सेवा पखवाड़ा रजत महोत्सव के अंतर्गत वरिष्ठजन सम्मान समारोह हुआ

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा रजत महोत्सव 2025 के तहत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 27 सितंबर को जिले की समस्त जनपद पंचायतों में सम्मान समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 365 वरिष्ठजनों को पेंशन स्वीकृति आदेश एवं आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसी कड़ी में 28 सितंबर को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित संस्था आसियाना वृद्धाश्रम, दलदली रोड नयापारा महासमुंद में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा विशिष्ट अतिथि नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महेंद्र सिक्का, राहुल चंद्राकर, आनंद राम साहू (जिला उपाध्यक्ष स्काउट संघ), पंकज चंद्राकर, रितेश गोलछा (चार्टर्ड अकाउंटेंट), शरद राव एवं हिमांशु चंद्राकर रहे। कार्यक्रम में कुल 118 वृद्धजन पंजीकृत हुए। वरिष्ठजनों के उत्साहवर्धन हेतु जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, गुब्बारा फोड़ जैसे खेल आयोजित किए गए। साथ ही राउत गीत, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य एवं उड़िया नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

**आयोजन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े हुए शामिल**

# विधायक के जन्मदिन पर हुआ रुद्राभिषेक व हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन पर विधायक कार्यालय के पीछे स्थित परिसर में पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक व पूजन हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित भाजपा के स्थानीय वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। विधायक ने भी सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रुद्राभिषेक पश्चात प्रसाद वितरण व भोजन के साथ अतिथियों को रुद्राक्ष वितरण भी किया गया।

रुद्राभिषेक व हवन पूजन से पूर्व कार्यालय आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पश्चात पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक व हवन पूजन में परिवार सहित शामिल हुए। मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन हुआ। इस अवसर पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने विधायक योगेश्वर





राजू सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा श्रावण मास में एक माह का रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन आयोजित की जाती है। साथ ही अन्य अवसरों पर भी आयोजन किया जाता है, जिससे क्षेत्रवासियों को रुद्राभिषेक में शामिल होने का पुण्यलाभ प्राप्त होता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए महतारी वंदन योजना संचालित कर रही है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी क्षेत्र की महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

**शाम तक पहुंचते रहे बधाई देने लोग**–देर शाम तक विधायक कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। विधायक सिन्हा ने कहा कि वें सभी का स्नेह और आशीर्वाद पाकर काफी प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा एवं आप सभी के आशीर्वाद से मैं आज आपके क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहा हूं।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, त्रिलोचन पटेल, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, अल्का चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण निरंजना शर्मा, प्रकाश शर्मा, संदीप दीवान, संदीप घोष, बंटी शर्मा, हरवंश सिंह, मोनिका साहू, माधव राव टांकसाले, सतपाल सिंह पाली, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, डिम्पल ध्रुव, डिगेश्वरी चंद्राकर, रमेश साहू, मुन्ना साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, अग्रज शर्मा, अनिता रावटे, अरुणा शुक्ला, शम्मी सलूजा, सुनिल पटेल, हितेश चंद्राकर, कौशल्या बंसल, मोती साहू, स्मिता चंद्राकर, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, मनीष बंसल, अजय चोपड़ा, रेखा बेहरा, हफीज कुरैशी, मंगेश टांकसाले, अरविंद प्रहरे, नंदू जलक्षत्री, संतोष राजू साहू, श्याम साकरकर, माखन सिन्हा, आनंद गिरी, गोविंद ठाकुर, नितिन जैन, हनीश बग्गा, राहुल चंद्राकर, विनोद रात्रे, पप्पू पटेल, शुभ्रा शर्मा, दिनेश रूपरेला, माखन पटेल, पीयूष साहू, पप्पू ठाकुर, चंद्रशेखर बेलदार, सुनैना ठाकुर, सोनाधर सोनवानी, राजेंद्र चंद्राकर, भारती चंद्राकर, सीता डोंडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, जरीना हफीज कुरैशी, रामेश्वर पांडे, आनंद साहू, धनेश्वरी सोनवानी, शरद राव, रामेश्वर पटवा, दिनेश रूपरेला, भगवती करकसे, मधु यादव, नईम खान, अमित साहू, सुमित जैन, अमन वर्मा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, जतिन रूपरेला, गुड्डा सिन्हा, भैरव भविष्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन करने पहुंच रहे नगरवासी







**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान नवरात्रि के पावन पर्व पर पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी सजाई गई, तुमगांव रोड स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में मां लक्ष्मी मां दुर्गा मां सरस्वती की जीवंत झांकी का अवलोकन करने नगरवासी पहुंच रहे हैं। संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक झांकी का अवलोकन किया जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने चैतन्य झांकी रखने का मुख्य उद्देश्य बताया कि हर महिला के भीतर दैवीय शक्तियां और गुण मौजूद होते हैं और लोग इन गुणों को पहचान कर श्रेष्ठ और आत्मिक रूप से जीवन जी सकते हैं, यह झांकी दर्शाती है हर व्यक्ति के अन्दर सहन शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय करने की शक्ति, सहयोग की शक्ति इस प्रकार आठ शक्तियां सभी में मौजूद होती है, जिन्हें देवी के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। राजयोग ध्यान के माध्यम से एकाग्रता मानसिक सुख-शांति और इंद्रियों पर अनुशासन प्राप्त करने का सरल तरीका बताती है। ध्वनि और प्रकाश के सुंदर समायोजन में छोटी-छोटी ब्रम्हा कुमारी बहनें देवी का रूप धरकर ऐसे विराजमान होती है, मानो स्वर्ग से इस धरा पर उतर आईं हों और अपनी शीतल दृष्टि से वरदानों से अपने भक्तों और श्रद्धालुओं के दु:ख अशांति और मनोविकारों से मुक्ति दिला रहीं हो, ऐसा प्रतीत होता है जैसे शिव शक्तियां धरती पर आ गई हो।




### केंद्रीय विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन

**महासमुंद।** पीएम केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसी श्रृंखला में विद्यालय द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूरे रमन टोला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्वच्छता के नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता प्रभारी सोनिया के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। रैली को सफल बनाने में प्राथमिक विभाग प्रधानाध्यापिका कांता एक्का, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, दशरथ राम यादव, ओमप्रकाश चंद्राकर, नीलमाधव सिंह, प्रवीण साहू याद राम साहू प्रभात देवांगन गुलाब राम आवडे, प्रवीण साहू, सूर्य कुमार साहू राजेश सर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।



### खोकसा में दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई

**भंवरपुर।** शासकीय हाईस्कूल खोकसा में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के पावन अवसर अवसर पर संकुल प्राचार्य पी एन ठाकुर एवं संकुल समन्वयक नंदकुमार चौहान, सरपंच ग्राम पंचायत खोकसा बाबूलाल दीवान, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर शिव चौधरी, जनपद सदस्य मधु प्रेम खूंटे, मोहित नायक, सत्यनारायण साहू, संतराम निषाद, नंदकुमार चौहान रोजगार सहायक, दादूलाल चौहान, विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर मालयार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। संकुल समन्वयक एनके चौहान ने अपने उद्बोधन में कहां कि दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज के लिए अनुकरणीय है। उनके आदर्श को जीवन में उतारकार हमअपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे।



### गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी निर्माण के लिए सरपंच एवं सचिवों की कार्यशाला आयोजित

**महासमुंद।** ग्राम पंचायतों को सशक्त और विकसित बनाने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन टीम द्वारा जनपद पंचायत महासमुंद के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महासमुंद ब्लॉक की चयनित 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी ग्राम सभा में पंचायत विकास सूचकांक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम गठित कर पंचायत की वास्तविक जरूरतों के आधार पर योजना तैयार करने की जानकारी दी गई। एलएसडीजी की 9 थीमों में से पंचायतों द्वारा प्राथमिकता तय कर योजनाओं को शामिल करने, महिला समूहों के साथ चर्चा, युवा क्लब का गठन, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर कप खिताब पर टेस्ट ऑफ पंजाब ने जमाया कब्जा

**महासमुंद।** शहर के मिनी स्टेडियम मैदान में ऑपरेशन सिंदूर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। समाजसेवी जसमीत बादल मक्कड़ के संरक्षण में आयोजित फ़ाइनल मैच में सुपर ओवर से विजेता का निर्णय हुआ। प्रतियोगिता में टेस्ट ऑफ पंजाब के कप्तान आशुतोष जोशी द्वारा बहुत ही सूझबूझ और समझ से युवाओं को लेकर प्रतियोगिता में टेस्ट ऑफ पंजाब को फाइनल का खिताब दिलवाया।

प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच टेस्ट ऑफ पंजाब व मालीडीह मास्टर्स के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें मालीडीह मास्टर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, टेस्ट ऑफ पंजाब ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 8 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। टेस्ट ऑफ पंजाब की ओर से बल्लेबाज संजू चंद्राकर ने 18 गेंद पर 53 रनों की तूफानी पारी खेली।



लक्ष्य का पीछा करते हुए मालीडीह मास्टर्स भी 107 रनों की स्कोर पर ऑल आउट हो गई। मालीडीह मास्टर्स की ओर से गज़नी 27, परवेज अली 23 व दुष्यंत ने 21 रनों का योगदान दिया। मैच का निर्णय सुपर ओवर मुकाबला में हुआ, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मालीडीह मास्टर्स की टीम सिर्फ 3 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछे करते हुए टेस्ट ऑफ पंजाब ने यह मुकाबला आसानी से अपने नाम किया एवं ऑपरेशन सिंदूर कप खिताब में अपना कब्जा किया।

विगत 20 दिनों से चल रही ऑपरेशन सिंदूर क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम मैदान में शानदार आयोजन हुआ। आईपीएल की तरह ही 196 खिलाड़ियों को 14 फ्रेंचाइजी के मध्य ऑक्शन के प्रक्रिया से खरीदा गया था। आयोजक समिति द्वारा जिले एवं गांव के सभी खिलाड़ियों को अपने खेल का जौहर दिखाने का शानदार मंच प्रदान किया गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम टेस्ट ऑफ पंजाब को 1 लाख रुपए नगद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम मालीडीह मास्टर्स को 60 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम दर्श इलेवन को 20,000 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शिवम चंद्राकर को 11,000 रुपये एवं ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दुष्यंत चंद्राकर को 5,555 व ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विपुल चंद्राकर को 5,555 व ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ 35 प्लस खिलाड़ी अभिषेक गुप्ता को 5,555 एवं ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ सिल्वर केटेगरी खिलाड़ी सेबेस्टियन जेकब को 3,333 एवं ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ फील्डर चेतन यादव को 3,333 रुपए एवं ट्रॉफी, प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी प्रिंस महंती को 3,333 एवं ट्रॉफी दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर कप प्रतियोगिता में शामिल सभी 14 टीम एवं टीम मालिकों को प्रतियोगिता के अध्यक्ष व संरक्षक जसमीत बादल मक्कड़ ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता एवं सहयोगियों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया।

### राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में बेमचा के खिलाड़ी शामिल

**महासमुंद।** 44वीं सब-जूनियर एवं 71वीं सीनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन दिनांक 25 से 28 सितंबर 2025 तक तमिलनाडु में आयोजित किया गया है। छग टीम का कोचिंग कैंप भिलाई के बॉल बैडमिंटन खेल परिसर सेक्टर- 4 में 15 से 22 सितंबर तक एवं सब- जूनियर कैंप धमतरी में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रदेश से बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में 14-14 खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमें जिले से राहुल, लक्ष्मी, दामिनी, गीतांजलि, सविता, ढालेन्द्र यादव, सागर चंद्राकर, मुकेश निषाद एवं जीतू ध्रुव शामिल हुए। कैंप में शानदार प्रदर्शन करने वाले 10 बालक एवं 10 बालिका खिलाड़ियों की अंतिम चयन सूची जारी किया गया। चयनित खिलाड़ियों में महासमुंद जिले से सीनियर वर्ग में राहुल कुर्रे पिता लालाराम कुर्रे, लक्ष्मी चंद्राकर पिता नरेश चंद्राकर, दामिनी वर्मा पिता स्व. भोला राम, सब जूनियर खिलाड़ियों में गीतांजलि साहू पिता भानु साहू, सविता जोशी पिता बीर सिंह जोशी, ढालेंद्र यादव पिता जोधन यादव, सागर चंद्राकर पिता संतोष चंद्राकर, जीतू ध्रुव पिता महेश ध्रुव व टीम मैनेजर मोहन राव, कोच रणविजय तथा सब जूनियर प्रशिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी महासमुंद एवं सूरज नायक बालिका प्रशिक्षक पूनम निषाद व सीनियर वर्ग में प्रशिक्षक इसरार अहमद खान दुर्ग व मैनेजर ऋचा तिवारी दुर्ग शामिल है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ट्रैक सूट प्रदान किया गया है।

# आत्मानंद कॉलेज में आयोजित किया गया सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है। महाविद्यालय प्रमुख डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, शपथ तथा कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ का कार्यक्रम विगत दो दिनों में किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर हिंदी, रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं तरुण बांधे सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य संकाय) उपस्थित रहें। प्रथम दिवस में महाविद्यालय परिवार के संकल्प और उत्साह के साथ सेवा पखवाड़ा की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी ने समाज में स्वच्छता का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अतिथि व्याख्याता संजय कुमार अंग्रेजी ने सभी छात्र छात्राओं को सपथ दिलवाया। द्वितीय दिवस में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

हंसी-मज़ाक और उत्साह से भरे इस खेल ने पूरे माहौल को ऊर्जा और मनोरंजन से भर दिया, तत्पश्चात जलेबी दौड़ प्रतियोगिता ने छात्रों की फुर्ती और चपलता की परीक्षा ली। छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों प्रतियोगिताओं ने सेवा पखवाड़े के माहौल को जीवंत बना दिया तथा विद्यार्थियों में आपसी सहयोग और मित्रता की भावना को प्रबल किया।

कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से प्रथम स्थान पर ग्रंथ चोपड़ा बीएससी प्रथम सेमेस्टर, आर्यन चंद्राकर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान, छात्रा वर्ग से रितु साहू बीए अंतिम वर्ष प्रथम स्थान एवं आकृति यादव बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर रही। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईशा चंद्राकर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आकृति यादव बीकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान अनन्या यादव बीएससी अंतिम वर्ष रही। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू एवं खुशबू ग्रंथपाल ने सफल आयोजन किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता - आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, माधुरी दीवान वाणिज्य, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

## 308 गांवों में विलेज एक्शन प्लान निर्माण अंतिम चरण में, अधिकारी लगातार कर रहे गांवों का दौरा

**महासमुंद।** आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन को गति देने हेतु जिले में अधिकारी भी लगातार गांवों का दौरा कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम रैताल पहुंचकर जायजा लिया। वहीं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने पिथौरा विकासखंड के ग्राम परसापाली में जाकर दिशा-निर्देश प्रदान किए। ज्ञात हो कि अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण का दौर पूर्ण हो चुका है तथा अब ग्राम विकास हेतु विलेज एक्शन प्लान निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर को जिले के धरती आबा योजना अंतर्गत चयनित 308 ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर इन एक्शन प्लानों का अनुमोदन किया जाएगा। इसके पश्चात इन्हें आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, ताकि केंद्र सरकार इन ग्रामों की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष योजनाएं बना सके।

पूर्व में योजनाएं उच्च स्तर पर तैयार होकर गांवों तक पहुंचती थीं, जिससे अंतिम छोर तक लाभ पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाता था। इसी व्यवस्था को बदलते हुए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें ग्राम स्तर के लोग स्वयं अपने गांव के विकास की योजना बनाते हैं और शासन-प्रशासन उसे क्रियान्वित करता है। इसी क्रम में 308 आदिवासी बहुल ग्रामों में ट्रांजैक्ट वॉक, चौपाल, बैठकें आदि के माध्यम से ग्रामवासियों की समस्याओं और समाधान पर चर्चा कर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिले के 6 मास्टर ट्रेनर और विकासखंड स्तर के 50 मास्टर ट्रेनरों की टीम लगातार सहयोग कर रही है।

## खबर संक्षेप

### शराब की अवैध बिक्री पर हुई कार्रवाई

महासमुंद। बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि आरोपी अमर कुमार बेहरा पिता चंद्रभानू बेहरा (31 साल) वार्ड नं 04 खटखटी रोड बसना के कब्जे से 32 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 2560 रुपए और स्कूटी को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**महासमुंद**। माह के अंतिम रविवार 28 सितंबर को वार्ड 07 बूथ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस दौरान मंडल मंडल महामंत्री मीना वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, गोपाल वर्मा, भगवती साहू, भुवन सिन्हा, पद्मिनी नागेश, राजकुमारी निषाद, कुंती सिन्हा, कुमारी निषाद, ईश्वरी सोनी, हेमा, विनय वर्मा, कमला, नव्या, रिद्धि, महेंद्र सिक्का, समीरा और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता रहे।

### कृषि में ड्रोन तकनीक का प्रयोग का प्रदर्शन

**महासमुंद**। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद द्वारा ग्राम धनसुली में निकरा परियोजनांतर्गत धान की फसल में कृषि ड्रोन तकनीक द्वारा कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को ड्रोन संचालन की तकनीकी जानकारी, ड्रोन तकनीक का कृषि में उपयोग व भविष्य की संभावना पर चर्चा करते हुए कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख/प्रधान अन्वेषक, निकरा परियोजना डा आरएल शर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ डा रवीश केशरी, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कल्पना साहू, निकरा परियोजना के वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता तरूण प्रधान एवं धनसुली ग्राम के कृषकगण उपस्थित हुए।

### देवी कात्यायनी की पूजा से जीवन में आती है सुख-समृद्धि-साहू

**महासमुंद**। नवरात्रि के छठे दिन देवी कात्यायनी की पूजा से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है और गृहस्थ जीवन में शांति बनी रहती है। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव लाफिन खुर्द, चिंगरौद, बम्हनी, परसट्ठी, बरोंडा बाजार के पंडालों में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की।

पेज 9 का शेष

### आबकारी विभाग ने ...

थाना कसडोल के कब्जे से 15.00 बल्क महुआ मदिरा जब्त किया गया। महुआ मदिरा का बाजार मूल्य 3000 रुपये होना पाया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2).59 के तहत प्रकरण दर्ज एवं गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया।

कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा मौजूद थे।



**पलारी**। रोहांसी नगर, बाल गंगाधर तिलक वार्ड ।



**भाटापारा**। ग्राम सुरजपुरा डाबरा पारा दुर्गा समिति।



भाटापारा। माँ अम्बे दुर्गा उत्सव चुलमाटीपारा दतरेंगी



**भरूवाडीह/भैंसा/गुमा**। ग्राम रावन के अटल व्यवसायिक परिसर शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा पंडाल में माता रानी की स्वागत में सिमरन वर्मा और पुजा यादव ने भव्य आकर्षक रंगोली बनाई।

### पर्व : जागरण का अर्थ है– अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ना : ब्रकु उमा दीदी

# चैतन्य देवियों की झांकी बनी आस्था का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, खरोरा के प्रभु उपहार भवन में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी इस नवरात्रि में नगरवासियों की आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है। 26 सितंबर से प्रारंभ हुई यह झांकी 2 अक्टूबर तक चलेगी और हर शाम 6:30 से 10 बजे तक दर्शन के लिए खुली है।

झांकी में कन्याओं द्वारा देवी दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली, वैष्णो देवी, गायत्री माता, मां पार्वती व जगदम्बा के चैतन्य रूप को प्रस्तुत किया गया है। बिना हिले-डुले स्थिर मुद्रा में बैठी कन्याएं, राजयोग मेडिटेशन का प्रभाव दर्शाती हैं, जिसने दर्शकों को चकित और भावविभोर कर दिया।

संस्था की संचालिका ब्र.कु. उमा दीदी ने बताया कि नवरात्रि के जागरण का सही अर्थ केवल रात भर जागने से नहीं, बल्कि अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर आना है। उन्होंने बताया कि संस्था में साप्ताहिक कोर्स के माध्यम से राजयोग की शिक्षा दी जाती है, जिससे जीवन में स्थिरता, शांति और आत्मिक जागरूकता आती है।

झांकी दर्शन के लिए खरोरा नगर के नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। इनमें जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, थाना प्रभारी वेदराम मनहरे, नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर अध्यक्ष सुनीता सोनी और पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल सोनी प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े सेवाभावी भाई–बहनों का विशेष योगदान रहा।






### शीतला माता मंदिर में 167 में ज्योत कलश हुए प्रज्ज्वलित



पलारी। नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की है, ज्योत प्रजवल्लित होने से देवालय जगमग हो उठा है । वही श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रज्ज्वलित ज्योति कलश के दर्शन के भागी बन रहे हैं। नगर के शितला माता मंदिर में 158 तेल और 9 घृत कुल 167 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित है, बगदाई में 83 तेल, 3 घृत,1 सरसो तेल कुल 87 ज्योति कलश स्थापना की गई है वही महामाया मंदिर, शारदा मंदिर सहित दुर्गा पंडालों में ज्योति कलश स्थापना की गई है।



### महाअष्टमी पर होंगे हवन और कन्या पूजन

सेल। शारदीय नवरात्रि का आठवां दिन महाअष्टमी इस वर्ष 30 सितंबर, मंगलवार को मनाया जाएगा। यह दिन मां महागौरी की पूजा, हवन और कन्या पूजन के लिए विशेष माना गया है। महाअष्टमी हवन नकारात्मकता का दहन कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। शुभ मुहूर्त प्रातः 6:13 बजे से शाम 6:06 बजे तक रहेगा। इस दिन नौ कन्याओं को देवी के रूप में पूजकर भोजन व उपहार अर्पित करने से सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा कर भक्त अपनी मनोकामनाओं की सिद्धि का आशीर्वाद पाते हैं।

## गिंदोला में पूर्वजों की परंपरा जीवित 200 वर्षों से हो रही है रामकृष्ण लीला

**बगबुड़ा**। गिंदोला गांव की नूतनराम कृष्णलीला मंडली लगभग 200 वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखे हुए है। इस मंडली की स्थापना अठारहवीं सदी में श्री श्री 108 शोभाराम पटेल ने की थी। प्रारंभ में केवल श्रीकृष्ण लीला का मंचन होता था, बाद में रामलीला और अन्य धार्मिक प्रसंग भी शामिल किए गए। समय के साथ विभिन्न पीढ़ियों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और वर्तमान में पांचवीं पीढ़ी के सदस्य मंडली का संचालन कर रहे हैं।

मंडली में 50 से अधिक सक्रिय सदस्य हैं, जिनमें कई घरों की लगातार पांच पीढ़ियां शामिल रही हैं। सभी सदस्य सात्विक और शाकाहारी जीवनशैली का पालन करते हैं। मंडली के पास 100 से अधिक लीलाओं का संग्रह है, जिनमें रामायण, महाभारत, श्रीकृष्ण की बाल एवं रासलीलाएँ, देवी भागवत व देवी सप्तशती की कथाएँ तथा भक्तिमूलक प्रसंग सम्मिलित हैं। दशहरा और दीपावली पर विशेष आयोजन के साथ अन्य अवसरों पर भी लीला प्रस्तुत की जाती है। इस वर्ष



मंडली पांच दिवसीय लीला का आयोजन कर रही है, जिसमें अहिरावण वध, भस्मासुर वध और रावण वध जैसे प्रसंग मंचित होंगे। मंडली का मुख्य उद्देश्य वैदिक और धार्मिक मूल्यों का प्रसार करना है। ग्रामवासी तन-मन-धन से सहयोग देकर इस ऐतिहासिक परंपरा को आज भी जीवंत बनाए हुए हैं।

### रामलीला और गरबा का भव्य आयोजन

खरोरा । एबीसी स्कूल सारागांव का मुख्य लक्ष्य शिक्षा, संस्कार और अनुशासन देना है। इसी तारतम्य में नवरात्रि व दशहरा के पावन अवसर पर कक्षा 5 वी और 6वी के विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री राम के जन्म से लेकर लंका विजय तक की रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें सभी पात्र अपने अभिनय के अनुसार वेशभूषा धारण कर मंच में शानदार प्रस्तुति दी। रावण का पुतला भी बनाया गया। जिसको रावण वध के बाद रावण दहन किया गया। नर्सरी से लेकर उच्च कक्षा के बहुत से छात्र रामायण के पात्र -राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और ऋषि का वेश धारण किए हुए नजर आए। जिससे पूरा स्कूल का माहौल अयोध्या नगरी जैसा हो गया। बाकी अन्य बच्चे गरबा (डांडिया) के वेशभूषा में थे। जिन्होंने जमकर डांडिया किया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ स्कूल के डायरेक्टर और शिक्षिकाओं ने भी गरबा में भाग लिया। और देवी की भक्ति गीत में झूमते नजर आए। स्कूल के डायरेक्टर, सीईओ और प्राचार्य ने इस अवसर पर नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा डांडिया और रामलीला के प्रदर्शन को देखकर कहा कि बचपन की यादें ताजा हो गई। और 1 घंटे में पूरा रामायण का मंचन कबीले तारीफ है। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें राम के आदर्शों में चलने की प्रेरणा देते हैं। अंत में सभी को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।



### खरोरा में होगा विशाल दशहरा का आयोजन

खरोरा । क्रिकेट स्टार ग्रुप और प्रयास युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य दशहरा का आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। इस बार उड़ीसा से आए कारीगरों द्वारा इलेक्ट्रिक आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन लगभग 1.5 घंटे तक किया जायेगा। 61 फीट विशाल रावण का दहन किया जायेगा, जो कि खरोरा परिक्षेत्र के रहवासियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। समिति के सभी कर्मठ सदस्यों के द्वारा इस विशाल दशहरा में पधारे दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं से वंचित रखने बहुत ही छोटे छोटे अपितु अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति नगर पंचायत खरोरा, पुलिस प्रशासन, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग सहित सभी विभागों का सहयोग दशहरा के आयोजन को भव्यता प्रदान करने मिल रही है।

# कुकुरडीह खदान में चला स्वच्छता व जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- स्वच्छता ही सेवा" थीम पर भारतीय खान ब्यूरो और अल्ट्राटेक सीमेंट की पहल

भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के तत्वावधान में कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान, मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस वर्ष इसे "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर केंद्रित किया गया है, जिसका निर्णय खान मंत्रालय द्वारा लिया गया है।



पखवाड़े की शुरुआत खदान परिसर में कर्मचारियों और श्रमिकों के शपथ ग्रहण से हुई। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल संस्थान बल्कि अपने घर, मोहल्ले और समाज को भी स्वच्छ रखने में योगदान देंगे। इस अवसर पर खदान परिसर की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

**स्वच्छ भारत अभियान का दिया संदेश**

साथ ही पास के गांवों के सामुदायिक भवन, उप-स्वास्थ्य केंद्र और खुले क्षेत्रों की सफाई की गई। विद्यालयों में चित्रकला, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया।

इस पखवाड़े के अंतर्गत खदान क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजकों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है, बल्कि तन और मन दोनों प्रसन्न रहते हैं।

## सतनामी समाज छत्तीसगढ़ लवन के ब्लॉक अध्यक्ष बने भुनेश्वर रात्रे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा.

सतनामी समाज छत्तीसगढ़ लवन ब्लॉक का बैठक गुरु घासीदास बाबा जी के प्रतीक चिन्ह जैतखाम की आरती पूजा से सतनाम भवन लवन में सम्पंन हुआ जिसमें संगठन विस्तार करते हुए लवन ब्लॉक युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में भुनेश्वर रात्रे करदा निवासी को बैठक में आये हूए युवाओ द्वारा सर्व सम्मति से बनाया गया इससे समाज के युवाओ मे एक नयी ऊर्जा का संचार होगा ।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, कार्य. प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र नवरत्न, जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार धर्मेन्द्र रात्रे, रोहित खन्ना, काशी घृतलहरे, संजय सारंग, गब्बर डहरिया, मनोज बंजारे, तोरण बंजारे, कुंदन, शंभू जांगड़े, सुरेंद्र कुमार, साहिल बंजारे, राकेश डहरिया, ईश्वर आजाद, हेमकुमार रात्रे, जयकुमार बंजारे, हेमंत कुमार टंडन, पन्नालाल डहरिया ,कृष्ण कुमार डहरिया,चंद्र प्रकाश बंजारे, महेश कुर्रे, विनोद बार्वे, मोहन प्रसाद डहरिया, कामदेव बघेल, धनंजय कुर्रे, दुलेश्वर, तुलाराम आदि समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

# सत्संग से मुनष्य में जागृत होता है विवेक : संत उत्तम दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिरौदपुरी धाम मड़वा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के सौजन्य से 26, 27 एवं 28 सितम्बर को तीन दिवसीय सतनाम ध्यान सत्संग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संत उत्तम दास महिलांगे ने उपस्थित संत समाज को बताया कि सत्संग से मन की शुद्धि, सकारात्मकता, ज्ञान और विवेक की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सतनाम ध्यान सत्संग व्यक्ति को काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे मायावी शत्रुओं से बचाता है तथा अंधविश्वास और आडंबरों से मुक्ति दिलाता है।

संतों का सम्मान और सत्संग के लाभों पर जोर शिविर के समापन अवसर पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने संत उत्तम दास महिलांग जी को संस्था की ओर से साल श्रीफल एवं बाबा गुरु घासीदास जी के छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित संतों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सतनाम ध्यान सत्संग से आध्यात्मिक ज्ञान, विवेक, शक्ति और व्यक्तित्व का विकास होता है। सत्संग न केवल व्यक्तिगत विकास बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक होता है। सत्संग शिविरों का विस्तार होगा जिले-दर-जिला मोहन बंजारे ने छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज के सभी धार्मिक स्थलों एवं जिला मुख्यालयों में सत्संग शिविरों के आयोजन का निवेदन किया। उन्होंने साथ ही सामाजिक एकीकरण और रचनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस सत्संग शिविर में लगभग 70 से 75 महिला-पुरुष विभिन्न जिलों से शामिल हुए।



### सत्संगः मनुष्य के जीवन की अनिवार्य आवश्यकता

सत्संग मनुष्य को संस्कारवान बनाते हैं और इसके बिना जीवन अधूरा माना जाता है। सतनाम ध्यान सत्संग से न केवल आंतरिक शुद्धि और सकारात्मकता आती है, बल्कि यह समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है।

### सहयोगी एवं आयोजकों की सराहना

शिविर के सफल आयोजन में एस आर बांधे, मोहन बंजारे, डॉ दिनेश लाल जांगड़े, डमरू मनहर, शैलेन्द्र बंजारे, सी एस सांडे, अजय सांडे, मोहन पुरेना जैसे प्रमुख सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सुशील बंजारे, सहदेव जोशी, अशोक मांडले, ध्रुव प्रह्लाद मिरी, राधेश्याम मार्कण्डेय, मोहन पुरेना, राजू बंजारे सहित लगभग सौ से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

### पति-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम सलडीह में पति-पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में सात आरोपियों के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रविप्रकाश प्रधान पिता स्व. सुफल प्रधान (48 साल) सलडीह ने बताया कि 28 सितंबर की रात्रि करीब 09.30 बजे वह और उसकी पत्नी रजनी प्रधान घर में थे। तभी गांव के युधिष्ठिर बेहरा, लवकुमार बेहरा, कृष बेहरा, विकास बेहरा, दीपक बेहरा, हरीश कटार, पंकज बेहरा उसके घर डंडा लाठी लेकर आये और छोटे बेटे बिट्टू के बारे में पूछने लगे। इस दौरान पत्नी को युधिष्ठिर बेहरा, लव बेहरा ने धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि जब उसका छोटा बेटा बिट्टू घर आया, तब उसने बताया कि वे लोग उसे फोन कर गाली गलौज कर रहे है तथा मारने की धमकी दे रहे है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
ओजी
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पाटन में शिवरतन शर्मा ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विधानसभा भाटापारा के ग्राम पंचायत पाटन में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने लाखो रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण भूमि पूजन करते हुए शारदीय नवरात्री के पावन पर्व की बधाई शुभकामनायें दी। शिवरतन शर्मा ने कहा की जनता की सुविधा एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति सुनिश्चित हो इसी उद्देश्य से रविवार को ग्राम पाटन में बने पंचायत भवन, कुर्मी समाज भवन, रंगमंच एवं बाजार चबूतरा लोकार्पण एवं तालाब सौन्द्रर्यकरण का भूमिपूजन किया।

शिवरतन शर्मा ने कहा हम समस्त ग्रामवासी और विधानसभा की जनता को आश्वत करना चाहते है कि विधानसभा परिक्षेत्र में विकास कार्यों में कोई रुकावट नहीं होने देंगे जितना हो सकेगा विकास कार्य जन आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्य कराएंगे साथ ही भाटापारा विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य सहित जन सुविधाओं के सतत विस्तार हेतु हम पूरी तरह कृत संकल्पित हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की आज प्रदेश के युवा, महिला, किसान,व्यापारी को सशक्त बनाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, सड़कों का निर्माण, पर्याप्त प्रकाश व पेयजल व्यवस्था स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य निरंतर हो रहें हैं।

**खास बातें**

- लाखों रुपए के पंचायत भवन, रंगमंच एवं तालाब सौंदर्यीकरण का शुभारंभ
- भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के विकास पर जोर



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर जनपद सभापति लक्ष्मी दुकालू ध्रुव,सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल, सरपंच वैभवी टिक्की वर्मा, उपसरपंच धनेश्वरी अश्वनी वर्मा सहित पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष का शिव मंदिर में होगा सम्मान

भाटापारा। ग्राम खपरी (एस) में नव युवक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा अश्वनी शर्मा नगर पलिका अध्यक्ष भाटापारा का स्वागत व अभिनन्दन कार्यक्रम रखा गया है 30 सितंबर 6 बजे शिव मंदिर मे रखा गया है, आयोजक नव नियुक्त युवा अध्यक्ष रोहित साहू किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को

**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़.रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर भवन बलौदाबाजार में वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु 1 अक्टूबर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विशेषज्ञों की टीम द्वारा वृध्दजनों की समस्याओं का समाधान तथा वृध्दजनों का सम्मान किया जायेगा। साथ ही चिकित्सकों द्वारा वृध्दजनों का बी.पी. शुगर जांच कर मूल्यांकन एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जायेगी।

### प्राथमिक शाला सिंघी में न्योता भोज का आयोजन

**खल्लारी**। नवरात्रि पर्व पर शासकीय प्राथमिक शाला सिंघी में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों को कन्या भोज करा कर नवरात्रि की पर्व को विशेष बनाया गया। नवरात्रि पर्व पर नौ देवियों की पूजा की जाती है। 9 दिन मां अंबे की सेवा की जाती है। नवरात्रि के महत्व को बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।। बच्चों को इस कन्या भोज के पश्चात उपहार स्वरूप भेंट किया गया। न्योता भोज में खीर,पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर पीतांबर राव पाठक , राजेंद्र कुमार साहू, प्रतिभा साहू, नूतन दुबे का विशेष योगदान रहा।

### शासकीय कार्य में बाधा और अमर्यादित व्यवहार के आरोप में कार्रवाई

# कसडोल में प्रधान पाठक को डीईओ ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

प्रधान पाठक को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निलंबित विकासखंड कसडोल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा (ह) में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ शिक्षक सुशील साहू को जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार ने निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि दिनांक 18 जुलाई को प्रधान पाठक सुशील साहू ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल में अनाधिकृत प्रवेश कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव को गाली गलौच अमर्यादित भाषा का प्रयोग शासकीय कार्य में व्यवधान एवं धमकाने का विडियो सोशल मीडिया में वायरल (प्रसारित) हुआ था।

- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद जांच के बाद हुआ निलंबन




जिस पर मामले को संज्ञान में लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गंभीरता से जांच किया जा रहा था। जांच उपरांत यह पाया गया कि प्रधान पाठक सुशील साहू अपनी पत्नि विनीता साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह विकासखंड कसडोल का युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरण होने के फलस्वरूप कार्यमुक्त नहीं करने एवं वेतन आहरण नही होने के कारण शासकीय कार्य में जानबूझकर बाधा पहुँचाने, अमर्यादित व्यवहार गाली गलौच उँची आवाज में गाली देने ये सभी कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होने पर सुशील साहू को सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगी।

# राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा में धमतरी की न्यू किरण डांस ग्रुप प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत धनसुली में जय मां शारदा दुर्गोत्सव समिति द्वारा 26 सितंबर, शुक्रवार को राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सरपंच मंगसा राम निर्मलकर और उपसरपंच बुधारू भारती ने किया।

प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल और एकल श्रेणी में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान (15,001) न्यू किरण डांस ग्रुप धमतरी, द्वितीय (10,001) हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप महासमुंद और तृतीय (5,001) एक अन्य टीम को मिला। युगल नृत्य में प्रथम पवन-हीना रायपुर, द्वितीय चुरकी-मुरकी महासमुंद और तृतीय टाइटल युगल बिलासपुर रहे। एकल वर्ग में प्रथम स्थान सौम्या कोर्राम रायपुर, द्वितीय अंजली दिवान रायपुर और तृतीय सूरज निषाद झलप को प्रदान किया गया।

बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शकों ने प्रतियोगिता का आनंद लिया। मंच संचालन खिलेश बाबू और देवव्रत यादव ने किया। सूरजपुर, झलप, बेमेतरा, महासमुंद, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कांकेर, बिलासपुर, रतनपुर और धमतरी से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

# सिद्धखोल पर्यटन स्थल में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार सेवा पर्व के तहत सोमवार को सिद्धखोल पर्यटन स्थल में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में पर्यटन स्थल परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखने हेतु विशेष पहल की गई। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय की सहभागिता को बढ़ाकर पर्यटन स्थल को पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक टिकाऊ और व्यवस्थित बनाना था । साथ ही यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जिम्मेदारी ही नहीं है, बल्कि पर्यटन स्थलों की पहचान और आकर्षण बनाए रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान समिति के सदस्यों के साथ सिद्धखोल पर्यटन स्थल के संचालन एवं प्रबंधन संबंधी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल दीपक कौशिक, वन प्रबंधन समिति कुकरीकोना के कार्यकारिणी सदस्य एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे।

# किरितपुर के मानव तीर्थ में लगा 11 वां युवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



समीपस्थ ग्राम किरितपुर में मानव तीर्थ द्वारा मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद पर आधारित परिवार व्यवस्था मे जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 7 दिवसीय 22 से 28 सितंबर तक युवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे देश भर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिये। यह युवा शिविर मानव तीर्थ का 11 वां कैंप रहा शिविर में 37 प्रतिभागी शामिल रहे।जिसमें दो राज्यों महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, से युवा शामिल हुए। इस शिविर परिवार व्यवस्था में जीने की समझ के लिए जीवन विद्या के परिचय शिविर के लिए किया गया।

युवाओं को मानव तीर्थ में हो रहे अध्ययन और अभ्यास का भास हो, युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना तथा निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा। शिविर के अंतिम दिन के मूल्यांकन सत्र मे सभी युवाओं ने अपना अनुभव साझा किया। इस शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप मे सुधीर प्रताप सिंह, विशेष अतिथि के रूप मे कौशल्या साहू डीएसपी बेमेतरा व विलास वरूड़कर भोपाल, शामिल हुए। मानव तीर्थ साधन भट्टाचार्य, श्रीराम मिलन यादव, अंकित पोगुला, मृदु पोगुला, सभी सीनियर अध्ययनार्थी आदि लोग शामिल होकर शिविर को सफल अंजाम दिया

# भोथीडीह में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सिमगा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम भोथीडीह में 6 लाख 30 हजार रुपए की लागत से बनने वाले स्कूल के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए आज भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल, क्षेत्र के जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे ने भोथीडीह पहुंचकर भूमिपूजन किया।

इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ दौलत पाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसके लिए ग्रामीणों को बधाई दी, उन्होंने कहा कि इससे स्कूली छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश टोंडे ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज किया गया और जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा, उन्होंने इसके लिए ग्रामीणों को बधाई दी। उक्त अवसर पर गांव के सरपंच कमलेश यदु, पंचगण, महिला समूह एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# फ्री फाइब्रोस्कैन कैंप में 18 पत्रकारों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटापारा



फ्री फाइब्रोस्कैन कैंप भाटापारा प्रेस क्लब के तत्वाधान में हुए इस आयोजन में सभी पत्रकारों एवं संवाददाताओं ने भाग लिया और स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। सफल रहा निःशुल्क फाइब्रोस्कैन कैंप। पहली बार हुए अपनी तरह के शिविर की सफलता इसे ही जानी जा सकती है कि लगभग सभी ने अपनी भागीदारी दिखाई। प्रेस क्लब भवन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2:00 तक चले इस आयोजन की शुरुआत डॉक्टर विकास आडिल के दिशा निर्देश से हुई आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष राजकुमार मल ने स्वस्थ सेहत, स्वस्थ दिनचर्या पर बल दिया।

फ्री फाइब्रोस्कैन कैंप में प्रेस क्लब सदस्यों का फैटी लिवर, डायबिटीज, हेपेटाइटिस बी एवं सी, एल्कोहलिक लिवर, ब्लड प्रेशर एवं रक्त समूह की जांच की गई। परीक्षण रिपोर्ट बहुत जल्द सभी सदस्यों को देने की जानकारी दी गई। इस निःशुल्क शिविर में प्रेस क्लब के 18 सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के अंत में प्रेस क्लब के सदस्यो के द्वारा पुष्पगुष्छ भेंटकर डा विकास आडिल का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सचिव विनोद शर्मा ने आडिल अस्पताल स्टाफ बाहर से आए टेक्निशियन व क्लब के सभी सदस्यो को धन्यवाद दिया ।

### पिथौरा में सट्टा लगवा रहे युवक पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद**। क्रिकेट मैच के दौरान लोगों से सट्टा लगवा रहे युवक पर पिथौरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि नमन गोयल निवासी पिथौरा नामक व्यक्ति द्वारा लोगों को मोबाईल फोन के माध्यम से रुपए पैसे का दांव लगवाकर एशिया कप क्रिकेट मैच में सट्टा लगवा रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम नमन गोयल पिता राजेश गोयल (28 साल) वार्ड नं 06 पिथौरा होना बताया। आरोपी के कब्जे से दो नग मोबाईल तथा नगदी रकम 1200 रुपए को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त बरामद सामान के अतिरिक्त ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा हेतु आकाश अग्रवाल निवासी सरायपाली से आईडी लिया जाना तथा आकाश अग्रवाल के जरिए मोबाईल नंबरों के संपर्क में रहना तथा फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा की रकम स्थानांतरण करने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार राजा सलूजा निवासी बागबाहरा के मोबाईल नंबर के संपर्क में रहना तथा फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा के रकम स्थानांतरण करना बताया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुख्य रूप से ऑनलाइन सट्टा खेलने खिलाने हेतु आकाश अग्रवाल एवं राजा सलूजा के साथ मिलकर कार्य कर रहा था। मामले में आरोपी के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की जुआ एक्ट की धारा 7 एवं 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### निधन

**जया बेन पटेल**



**बलौदाबाजार**। जया बेन पटेल पति श्याम पटेल 70 वर्ष का अभी उपचार के दौरान निधन हो गया । वो पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल एवं दीपक अमित पटेल की माता थीं। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम मे किया गया ।

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
न्यूरोलॉजी विभाग
• स्ट्रोक, लकवा, पैरालिसिस, चक्कर आना (वरटिगो)
• सरदर्द, माइग्रेन
• गर्दन दर्द (स्पाण्डयूलाइटिस) एवं कमर दर्द (साईटिका)
• मिर्गी/झटके की बीमारी, कम्पन्नवात् (पार्किन्सन डिसीज)
• 24x7 Dedicated Neuro ICU
• EEG, EMG, NCV, MRI, CT Scan 24x7
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. सी.एम. सिंह
DM, Neurology
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

संजीवनी
कैंसर केयर हॉस्पिटल
कैंसर के ख़िलाफ़, सदैव आपके साथ
कैंसर जीवन का अंत नहीं-
सही विशेषज्ञ, सही जगह, सही समय
संभव है पूर्ण इलाज।
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389905010, 07714081010